C M Y K

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 07 | बिजौलिया - गुरुवार, 30 जुलाई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

# 15 अगस्त के बाद बिना ई-केवाईसी घरेलू रेट पर नहीं मिलेगा गैस सिलेंडर

**राजस्थान में सभी एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए अभियान तेज, उज्ज्वला और सामान्य कनेक्शनधारकों को जल्द प्रक्रिया पूरी करने की सलाह**

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान में घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए बड़ी खबर है। राज्यभर की गैस एजेंसियों ने एलपीजी उपभोक्ताओं को 15 अगस्त तक आधार आधारित ई-केवाईसी (e-KYC) अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए हैं। तय समय सीमा तक ई-केवाईसी नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं की घरेलू दर पर गैस सिलेंडर की बुकिंग बंद हो सकती है, जबकि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और एलपीजी सब्सिडी (डीबीटीएल) का लाभ लेने वाले उपभोक्ताओं को सब्सिडी से भी वंचित होना पड़ सकता है। एजेंसियों ने उपभोक्ताओं को मैसेज भेजने शुरू कर दिए हैं और हॉकर भी घर-घर जाकर ई-केवाईसी कराने की




जानकारी दे रहे हैं।

राजस्थान के सभी जिलों में गैस एजेंसियों ने ई-केवाईसी अभियान तेज कर दिया है। एजेंसियों का कहना है कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक आधार आधारित सत्यापन नहीं कराया है, वे जल्द से जल्द प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि भविष्य में गैस आपूर्ति और सब्सिडी को लेकर किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

गैस एजेंसी के संचालक अमित भानावत ने बताया कि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि 15 अगस्त के बाद ई-केवाईसी नहीं कराने वाले सामान्य घरेलू उपभोक्ताओं के लिए क्या व्यवस्था होगी। इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जल्द जारी होने की संभावना है। हालांकि उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों और एलपीजी सब्सिडी (डीबीटीएल) प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं के लिए आधार आधारित ई-केवाईसी अनिवार्य है। निर्धारित समय तक प्रक्रिया पूरी नहीं करने पर ऐसे उपभोक्ताओं को सब्सिडी वाले सिलेंडर का लाभ नहीं मिल सकेगा।

गैस एजेंसियों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे आधार कार्ड के साथ अपनी संबंधित गैस एजेंसी या अधिकृत प्रतिनिधि के पास जाकर समय रहते ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि गैस वितरण और सब्सिडी से जुड़ी किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

# एनआई एक्ट के दो स्थायी वारंटी गिरफ्तार, काछोला पुलिस की कार्रवाई

**विशेष अभियान के तहत कार्रवाई, न्यायालय में किया पेश**

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

न्यायालय द्वारा जारी स्थायी वारंटों की तामील के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एनआई एक्ट के दो स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

थाना प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि धारा 138 एनआई एक्ट के तहत वांछित रामपाल पुत्र खाना प्रजापत, निवासी धामनिया थाना बीगोद तथा रमेश पुत्र कजोड़ सालवी, निवासी सुखपुरा थाना पारसोली को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय से स्थायी वारंट जारी थे। विशेष अभियान के दौरान उनकी तलाश कर गिरफ्तार किया गया और नियमानुसार न्यायिक कार्रवाई के लिए न्यायालय में पेश किया गया।

# 25 और 20 साल से फरार दो स्थायी वारंटी बिजौलिया पुलिस के हत्थे चढ़े

**भैंस व्यापारी और फाइनेंस कर्मी बनकर जुटाई सूचना, चित्तौड़गढ़ से दोनों आरोपियों को दबोचा**

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**

थाना पुलिस ने वांछित अपराधियों की धरपकड़ के विशेष अभियान के तहत वर्षों से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दोनों आरोपी करीब 20 से 25 वर्षों से फरार थे और लगातार अपना ठिकाना बदलकर पुलिस से बच रहे थे।थानाधिकारी स्वागत पाण्डया ने बताया की मदनलाल पुत्र बिहारीलाल बंजारा (56) निवासी रणछोरपुरा, थाना निम्बाहेड़ा सदर (चित्तौड़गढ़) आबकारी अधिनियम के एक तथा मारपीट के दो मामलों में पिछले करीब 25 वर्षों से फरार चल रहा था। आरोपी की तलाश में लगे कांस्टेबल शिवपाल और हेमाराम ने भैंस खरीदने वाले व्यापारियों का रूप धारण कर सूचना जुटाई और उसे गणेशपुरा क्षेत्र में खेत पर काम करते समय गिरफ्तार कर लिया। इसी प्रकार रामलाल पुत्र कन्हैयालाल शर्मा (60) निवासी जाटों का मोहल्ला, चंदेरिया (चित्तौड़गढ़), एक सड़क दुर्घटना से जुड़े मामले में करीब 20 वर्षों से फरार था। पुलिसकर्मियों ने फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों के रूप में जानकारी एकत्र की और उसे चित्तौड़गढ़ जिले के बस्सी थाना क्षेत्र के आंवल हेड़ा स्थित किराये के मकान से गिरफ्तार किया।

दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस टीम में थानाधिकारी स्वागत पाण्डया, उपनिरीक्षक सुनील बेनीवाल, हेड कांस्टेबल सुनील चाहर, कांस्टेबल शिवपाल, कांस्टेबल हेमाराम तथा निम्बाहेड़ा सदर थाने के कांस्टेबल विनोद शामिल रहे।

# अधिकारियों के बिना चल रही मांडलगढ़ नगरपालिका, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के भरोसे व्यवस्था

**नगरपालिका में अफसरों के 10 से अधिक पद खाली, आमजन के जरूरी काम अटके**





**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**

नगरपालिका में लंबे समय से अधिकारियों और कर्मचारियों के कई महत्वपूर्ण पद रिक्त होने से नगर की व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। हालात ऐसे हैं कि नगरपालिका का कामकाज फिलहाल चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के भरोसे चल रहा है। अधिकारी और लिपिकीय स्टाफ के अभाव में आमजन के जरूरी कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। नगरवासी लादूलाल माली, भरत खटीक एवं जगदीश बलाई ने बताया कि नगरपालिका में अधिशासी अधिकारी, कनिष्ठ लेखा अधिकारी, वरिष्ठ सहायक, कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ अभियंता, कर सहायक, फायरमैन समेत कई पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। कर्मचारियों की कमी के कारण दिनभर कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहता है और लोग अपने कार्यों के लिए चक्कर काटने को मजबूर हैं।

रिक्त पदों के कारण निर्माण स्वीकृति, नामांतरण, पुश्तैनी पट्टे, आवास योजना सहित अन्य आवश्यक कार्य समय पर नहीं हो रहे हैं। नगरवासियों का कहना है कि समस्या से क्षेत्रीय विधायक को भी अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक स्थिति में सुधार नहीं हुआ।

**इनका कहना है**

नगरपालिका में रिक्त पदों का मामला गंभीर है। जल्द ही रिक्त पदों की पूर्ति कराकर आमजन को राहत दिलाई जाएगी।

**गोपाल खंडेलवाल , विधायक , मांडलगढ़**

# फूलियाकलां में पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आमरण अनशन समाप्त

**प्रशासन के लिखित आश्वासन के बाद छात्र नेताओं ने तोड़ा अनशन, अस्पताल, शिक्षा और पेयजल से जुड़ी मांगों पर कार्रवाई के आदेश**

**भीलवाड़ा फोकस @ फूलियाकलां ।**



(प्रकाश तोषणीवाल)। कस्बे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थायी चिकित्सकों की नियुक्ति, पेयजल व्यवस्था में सुधार, अवैध खनन पर रोक, महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम राजकीय विद्यालय के भवन निर्माण तथा श्री कल्याण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार सुबह शुरू हुआ छात्र नेताओं का आमरण अनशन प्रशासन के लिखित आश्वासन के बाद देर शाम समाप्त हो गया। थानाधिकारी दिनेश कुमार ने भूख हड़ताल पर बैठे छात्र नेताओं को मिठाई खिलाकर आंदोलन समाप्त करवाया।

जानकारी के अनुसार छात्र नेता शिवराज आचार्य और दिनेश माली सुबह करीब सवा नौ बजे से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन के बाहर अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठ गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि इन जनसमस्याओं को लेकर सरकार और प्रशासन को कई बार अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे ग्रामीणों और विद्यार्थियों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आंदोलन को ग्रामीणों का भी समर्थन मिला।

अनशन के दौरान प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच हुई वार्ता के बाद प्रशासन ने कई महत्वपूर्ण मांगों पर तत्काल कार्रवाई का भरोसा दिया। अस्पताल में चिकित्सक की वैकल्पिक व्यवस्था करने के आदेश जारी किए गए। वहीं श्री कल्याण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सप्ताह के प्रथम तीन दिनों के लिए तीन शिक्षकों की व्यवस्था करने, वार्ड संख्या 15 स्थित विद्यालय में दो नए कक्षा-कक्षों के निर्माण की अनुशंसा करने तथा पेयजल समस्या के समाधान के लिए विभिन्न कार्य योजनाओं के माध्यम से शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

प्रशासन से मिले लिखित आश्वासन के बाद छात्र नेताओं ने अपना आमरण अनशन समाप्त कर दिया। इस दौरान थानाधिकारी दिनेश कुमार ने दोनों छात्र नेताओं को मिठाई खिलाकर आंदोलन समाप्त कराया। छात्र नेताओं ने कहा कि यदि निर्धारित समय में आश्वासन के अनुरूप कार्य नहीं हुए तो भविष्य में फिर से आंदोलन किया जाएगा।

# लक्ष्मी निवास-तिलस्वा मार्ग बदहाल, गड्ढों और कीचड़ से ग्रामीण परेशान

**धूल, कीचड़ और गड्ढों से बढ़ी परेशानी, ग्रामीणों ने जल्द सड़क निर्माण की उठाई मांग**

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

गोपालपुरा ग्राम पंचायत क्षेत्र के लक्ष्मी निवास गांव से तिलस्वा महादेव मंदिर जाने वाला सड़क मार्ग लंबे समय से जर्जर हालत में होने के कारण ग्रामीणों और श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने से वाहन चालकों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि खराब सड़क के कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग तिलस्वा महादेव मंदिर तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता होने के साथ आसपास के कई गांवों के लोगों के लिए भी मुख्य संपर्क मार्ग है। इसके बावजूद वर्षों से सड़क की मरम्मत नहीं होने से लोगों में नाराजगी है।

ग्रामीणों के अनुसार गर्मी के मौसम में सड़क पर दिनभर धूल के गुबार उड़ते हैं, जबकि बारिश के दौरान पूरी सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है। ऐसे में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों और



जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र सड़क का निर्माण एवं मरम्मत कराकर आमजन और श्रद्धालुओं को राहत दिलाने की मांग की है।

C M Y K

# ’मन की बात’ के 136वें संस्करण में भीलवाड़ा भाजपा फिर प्रदेश में प्रथम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ‘मन की बात’ कार्यक्रम के 136वें संस्करण की प्रदेश स्तरीय रिपोर्ट में भीलवाड़ा भाजपा ने एक बार फिर राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व में जिले ने सभी 2,198 बूथों पर कार्यक्रम का आयोजन कर 100 प्रतिशत बूथ कवरेज दर्ज किया। इस दौरान 22,536 कार्यकर्ताओं एवं आमजन की उपस्थिति भी दर्ज की गई। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि भीलवाड़ा ने 132वें, 134वें और अब 136वें संस्करण में प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि में जिला संयोजक सी.पी. जोशी तथा विधानसभा स्तर के सहसंयोजकों सहित बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।भीलवाड़ा भाजपा इससे पहले सदस्यता अभियान में भी प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल कर चुकी है। लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते प्रदेश नेतृत्व ने भीलवाड़ा जिला संगठन की सराहना करते हुए इसे अनुशासित और मजबूत संगठन का उदाहरण बताया।

# प्रताप नगर स्कूल मैदान पर तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता, राज्य टीम के लिए होगा चयन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में 30 जुलाई से 1 अगस्त तक प्रताप नगर स्कूल मैदान पर जिला स्तरीय 17 वर्षीय बालक फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित होगी।

प्रतियोगिता के माध्यम से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

संघ के चेयरमैन विशिष्ट बिश्नोई ने बताया कि जिले में फुटबॉल के प्रति युवाओं का बढ़ता रुझान और फीफा विश्व कप के प्रभाव को देखते हुए इस बार प्रतियोगिता का आयोजन बड़े स्तर पर किया जा रहा है। जिले के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को भी इसमें शामिल किया जाएगा।

संघ के अध्यक्ष लादूलाल तेली ने बताया कि प्रताप नगर, भीमगंज, महेश पब्लिक स्कूल, सेंट एंसलम, पुलिस लाइन सहित कोदूकोटा, कोदिया, मेजा, नया समेलिया, कोटड़ी, भादू, लुहारिया और बीगोद जैसे क्षेत्रों के खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। चयनित खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण देकर मजबूत टीम तैयार की जाएगी।

संघ के सचिव कैलाशचंद्र खटीक ने बताया कि प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी 7 से 10 अगस्त तक नागौर में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-17 बालक फुटबॉल प्रतियोगिता में भीलवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। टीम का चयन शंकरलाल जीनगर, जगदीश बुनकर और चेतन शर्मा करेंगे।

इस अवसर पर ओमप्रकाश काबरा, कैलाशचंद्र कोठारी, दुर्गेश जोशी, भेरूलाल जीनगर, अनिल व्यास, पारस कुमार छापरवाल, डालचंद चंदेल, दिनेश सेन, सदीक लुहार, विनोद रूनवाल, मिथलेश मारू, महेश शर्मा, लोकेंद्र सिंह, सिद्धार्थ पोरवाल, प्रहलाद शर्मा एवं शेखर बेरवा सहित संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विहिप-बजरंग दल ने गुरु पूर्णिमा पर किया गुरु पूजन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रांत, विभाग और महानगर पदाधिकारियों के साथ गुरु पूजन उत्सव मनाया। इस दौरान विभिन्न संत-महात्माओं का भगवा उपरना एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

महानगर प्रचार-प्रसार प्रमुख विराट सोनी ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने शहर के विभिन्न आश्रमों, मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर संतों और आचार्यों से भेंट की तथा गुरु-शिष्य परंपरा, धर्म, समाज और राष्ट्रहित के विषयों पर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद ने समाज में ज्ञान, संस्कार और विवेक का प्रकाश फैलाने वाले सभी गुरुओं का वंदन किया। कार्यक्रम में विभिन्न संप्रदायों के संत-महात्माओं के दर्शन एवं आशीर्वाद भी प्राप्त किए गए।

# विधिक साक्षरता शिविर, नशे के दुष्परिणामों से किया जागरूक

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**




**शुभम ।** तालुका विधिक सेवा समिति, की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपल अग्रवाल के मार्गदर्शन में बुधवार को स्टोन शिपर्स लिमिटेड में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में पीएलवी रामबाबू माथुर ने ‘मादक पदार्थों का दुरुपयोग एवं उसके दुष्परिणाम’ विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं कानूनी दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों से नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं जिम्मेदार जीवन अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में कंपनी के मैनेजर दीपक जोशी, एचआर अकाउंटेंट अंकुर शर्मा, लखन विजयवर्गीय, महेश चौधरी, आदित्य शुक्ला, रवि चमार, टोनू मेवाड़ा, मोहित शर्मा, रूप सिंह, अविनाश शर्मा, सतीश चंदेल, दुर्गाशंकर खटीक, शक्ति सिंह राजपूत, देवेंद्र बंजारा सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छोटा रुणिचा धाम में गुरु पूर्णिमा पर उमड़ी आस्था, महाआरती में शामिल हुए श्रद्धालु



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर छोटा रुणिचा धाम श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक आस्था का केंद्र बना रहा। दिनभर चले धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर महंत के दर्शन किए, पूजा-अर्चना की और महाआरती में शामिल होकर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया।

महोत्सव की शुरुआत भगवान के विशेष पूजन-अर्चन से हुई। इसके बाद पीपल पूजन और गौ माता की विधिवत पूजा संपन्न हुई। वैदिक मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन और जयघोषों से पूरा धाम भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा।

धाम के गादीपति महंत ने अपने प्रवचन में कहा कि गुरु ही मनुष्य के जीवन से अज्ञान का अंधकार दूर कर उसे ज्ञान, संस्कार, सेवा और धर्म के मार्ग पर अग्रसर करते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से सदाचार, मानव सेवा और राष्ट्रहित को जीवन का उद्देश्य बनाने का आह्वान किया। श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में नमन कर परिवार, समाज और विश्व के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम का समापन भव्य गुरु महाआरती के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाव-विभोर होकर शामिल हुए।

# संत रामनिवास दास महाराज समाधि स्थल पर आठ दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**



खामोर गांव स्थित संत श्री 1008 रामनिवास दास महाराज की समाधि स्थल पर आयोजित आठ दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव बुधवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हो गया। महोत्सव के अंतिम दिन गुरु पूजन, चरण वंदन, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। दोपहर से शुरू हुई विशाल महाप्रसादी में राजस्थान और मध्यप्रदेश से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर पूज्य पंडित केदार महाराज का भक्तों ने माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत किया तथा वैदिक परंपरा से चरण पूजन किया। अपने प्रवचन में उन्होंने कहा कि ‘गुरु ही भक्त और भगवान के बीच का दिव्य सेतु हैं। गुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही जीवन का वास्तविक कल्याण संभव है। ‘

वहीं खामोर स्थित नृसिंह मंदिर में महंत छैल बिहारी दास महाराज ने अपने गुरु ब्रह्मलीन रामेश्वर दास महाराज की स्मृति में विशेष गुरु पूजन कर खीर का भोग लगाया और प्रसाद वितरित किया।

ग्रामीण गोपाल तेली द्वारा लगातार चौथे वर्ष आयोजित इस महोत्सव के तहत 22 से 28 जुलाई तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हुआ। कथा समापन के बाद गुरु पूर्णिमा के विशेष धार्मिक कार्यक्रमों और विशाल महाप्रसादी के साथ आठ दिवसीय महोत्सव का समापन हुआ।

# गुरु की कृपा से ही आत्मा का कल्याण संभव : रविन्द्र मुनि

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर स्थानीय शीतल भवन चातुर्मास स्थल पर आयोजित धर्मसभा में मेवाड़ गौरव एवं प्रखर वक्ता पूज्य रविन्द्र मुनि म.सा. ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु जीवन का वह प्रकाश हैं, जो अज्ञान के अंधकार को दूर कर आत्मकल्याण का मार्ग दिखाते हैं। गुरु के प्रति श्रद्धा, समर्पण और आज्ञापालन ही साधक की सबसे बड़ी साधना है। प्रवचन के दौरान रविन्द्र मुनि ने अपने गुरुदेव पूज्य गुरु घोर तपस्वी वेणीचन्द जी मसा, मेवाड़ केसरी मोहन लालजी म.सा. एवं पूज्या गुरुणी यश कंवर जी म.सा. की भावपूर्ण स्तुति करते हुए उनके त्याग, तप, ज्ञान और करुणा का गुणानुवाद किया। उन्होंने कहा कि गुरु का सान्निध्य जीवन को दिशा देता है और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही आत्मा का वास्तविक उत्थान संभव है।उन्होंने कहा कि आज का दिन केवल गुरु वंदना का नहीं बल्कि उनके उपदेशों को जीवन में उतारने का संकल्प लेने का पर्व है। बाहरी आडंबर से अधिक आवश्यक है कि व्यक्ति अपने भीतर के दोषों, कषायों और अहंकार का परिमार्जन करे। गुरु की आज्ञा का पालन ही सच्ची गुरु भक्ति है। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने उपस्थित होकर गुरु वंदना की तथा श्रद्धा एवं भक्ति के साथ प्रवचन का श्रवण किया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पूरे परिसर में आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण रहा।

# गुरु पूर्णिमा पर पुलकसागर महाराज के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु, चातुर्मास की तैयारियां तेज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**





गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को सूर्यमहल में विराजित राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पूज्य पुलकसागरजी महाराज के दर्शन-वंदन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान 2 अगस्त को होने वाली चातुर्मासिक मंगल कलश स्थापना से पूर्व पुण्यार्जक परिवारों ने गुरुदेव के सानिध्य में कलशों का शुद्धिकरण किया।

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट एवं सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास के मुख्य कलश की स्थापना तिलोकचंद छाबड़ा एवं सुरेन्द्र सुराणा परिवार करेंगे। इसके अलावा अन्य पुण्यार्जक परिवारों सहित 100 श्रावक परिवारों को भी मंगल कलश स्थापना का सौभाग्य प्राप्त होगा।

समिति अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट एवं दीप प्रज्वलन के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर पुलकसागरजी महाराज ने श्रद्धालुओं को गुरु पूर्णिमा का महत्व बताते हुए मंगल आशीर्वाद प्रदान किया।

समिति संयोजक मनीष शाह ने बताया कि 1 अगस्त को चित्रकूटधाम में गुरु गुणानुवाद कार्यक्रम तथा 2 अगस्त को चातुर्मासिक मंगल कलश स्थापना होगी। वहीं 3 अगस्त से सूर्यमहल में प्रतिदिन नियमित चातुर्मासिक प्रवचन प्रारंभ होंगे। चातुर्मास के दौरान 15 से 30 अगस्त तक चित्रकूटधाम में ज्ञान गंगा महोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा।



QUICK BITES

# लोकेंद्र सिंह की 12वीं पुण्यतिथि पर 190 बच्चों को ड्रेस वितरित

## पुण्यतिथि पर सेवा का संकल्प, 190 विद्यार्थियों को मिली ड्रेस

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।



**जसवंत पारीक।** स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह की 12वीं पुण्यतिथि पर आयोजित सेवा कार्यक्रम में 190 बच्चों को स्कूल ड्रेस वितरित कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह के सामाजिक कार्यों और जनसेवा के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए कहा कि उनकी स्मृति में किए जा रहे सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।

कार्यक्रम में हितेंद्र सिंह, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनिमेश कुमार, विकास पाराशर, भेरूलाल जाट, जसवंत पारीक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजू उपाध्याय, अंतिमबाला तिवाड़ी, इंदुबाला सहित परिवारजन एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर विद्यालयों में हुए विविध आयोजन, शिक्षकों ने किया पौधरोपण

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी



**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ (विद्यालय शिक्षा) खण्ड कोटड़ी के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर ब्लॉक के अनेक विद्यालयों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर शिक्षकों ने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति में गुरु के योगदान से अवगत कराया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न विद्यालय परिसरों में पौधरोपण भी किया गया तथा पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया गया। महासंघ के जिला कोषाध्यक्ष शान्ति लाल पोखरना, खण्ड अध्यक्ष दुर्गाशंकर शर्मा तथा खण्ड मंत्री पुष्पेंद्र काबरा ने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति का प्रेरणादायी पर्व है जो गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और ज्ञान परंपरा को सुदृढ़ करने का संदेश देता है। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों में संस्कार, पर्यावरण संरक्षण एवं नैतिक मूल्यों के विकास के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर गुरुजनों का सम्मान किया तथा समाज और प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।




# गुरु पूर्णिमा पर रामनिवास धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन


## 'गुरु वही जो स्वयं श्रेष्ठ आचरण करता हो', संत नवनिधराम महाराज का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**मूलचंद पेसवानी ।** रामस्नेही संप्रदाय की मुख्यपीठ रामनिवास धाम में बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे हजारों रामस्नेही अनुयायियों ने आद्याचार्य महाप्रभु स्वामी रामचरणजी महाराज के पावन स्तंभजी के दर्शन कर गुरु चरणों में नमन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यवाहक भंडारी संत नवनिधराम महाराज, ट्रस्टी रामगोपाल सोमाणी, सूर्यप्रकाश बिड़ला एवं कैलाशचंद्र तोषनीवाल की अगुवाई में स्तंभजी की महाआरती एवं वंदना की गई। इससे पूर्व राम नाम अंकित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पूरे दिन रामधुन, भजन-कीर्तन, गुरु वंदना और सत्संग से धाम का





वातावरण भक्तिमय बना रहा।

**गुरु का जीवन ही सबसे बड़ा उपदेश : संत नवनिधराम**

चातुर्मास प्रवास के दौरान संत नवनिधराम महाराज ने गुरु पूर्णिमा की महत्ता पर प्रवचन देते हुए कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति में गुरु को साक्षात परमात्मा का स्वरूप माना गया है। गुरु केवल ज्ञान देने वाला नहीं, बल्कि अपने श्रेष्ठ आचरण से समाज को सही दिशा दिखाने वाला पथप्रदर्शक होता है।

उन्होंने कहा कि आज के भौतिकवादी दौर में गुरु-शिष्य परंपरा के मूल्यों को पुनः स्थापित करने की आवश्यकता है। शास्त्रों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वास्तविक गुरु वही है जो वेदों का ज्ञाता, ईश्वर का अनन्य भक्त, ईर्ष्या-द्वेष से रहित, मंत्रों का ज्ञाता तथा स्वयं आदर्श आचरण करने वाला हो।

संत ने शिष्य के कर्तव्यों पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि सच्चा शिष्य वही है, जो गुरु के उपदेशों को अपने जीवन में उतारकर सेवा, समर्पण और सदाचार के माध्यम से समाज के सामने आदर्श प्रस्तुत करे।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में पुष्प अर्पित कर परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। धाम में दिनभर श्रद्धा, अनुशासन और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं संभालीं। गुरु पूर्णिमा के इस भव्य आयोजन ने सनातन संस्कृति की गौरवशाली गुरु-शिष्य परंपरा को नई ऊर्जा और आध्यात्मिक चेतना प्रदान की।

# गुरु पूर्णिमा पर पीएम श्री विद्यालय में 'मिशन पढ़ो राजस्थान प्रखर 3.0' का शुभारंभ

## बाल वाटिका के 20 विद्यार्थियों को मिली निःशुल्क ड्रेस, विद्यालय में हुआ पौधरोपण

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बाल वाटिका कम्युनिटी कनेक्ट कार्यक्रम के तहत सामुदायिक सहभागिता एवं अभिभावक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान 'मिशन पढ़ो राजस्थान प्रखर 3.0' तथा कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए रीडिंग प्रमोशन कैम्पेन का विधिवत शुभारंभ किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सोजीराम मीना ने बताया कि अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों



में पठन संस्कृति विकसित करना, भाषा दक्षता बढ़ाना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय, अभिभावकों और समाज की सहभागिता से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है।

कार्यक्रम के दौरान बाल वाटिका के 20 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्कूल ड्रेस वितरित की गई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

इस अवसर पर उप प्रशासक सत्यनारायण शर्मा, एसएमसी-एसडीएमसी सदस्य सांवरिया सालवी, किशन सिंह रावणा राजपूत, शिव प्रकाश प्रजापत, प्राध्यापक दिनेश कुमार शर्मा, प्रकाश सालवी, बलवंत पारीक, ऋषित महावर, बाल वाटिका प्रभारी शिवराज कहार, पूजा सेन सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# गुरुपूर्णिमा पर नारायणधाम आश्रम में आमसभा, संत सेवा समिति की नई कार्यकारिणी गठित

## संत निवास निर्माण जल्द पूरा कराने और संस्था का पंजीयन कराने का लिया संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ फूलियाकलां।

**प्रकाश तोषनीवाल**

गुरुपूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थस्थल धानेश्वर धाम स्थित नारायणधाम आश्रम में सदस्यों की आमसभा आयोजित की गई। आश्रम के महंत शंकरदास त्यागी महाराज की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्माणाधीन संत निवास के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया तथा आश्रम के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से 'श्री नारायणधाम आश्रम संत सेवा समिति, आश्रम धानेश्वर, फूलियाकलां' के नाम से संस्था का पंजीयन कराने का निर्णय लिया गया। इसके लिए नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया।

गठित कार्यकारिणी में महंत शंकरदास त्यागी महाराज को अध्यक्ष, गोपीलाल माली (डामट्या), पप्पूलाल सरुडिया एवं सांवरलाल गोदारा को उपाध्यक्ष, सुनील वैष्णव को कोषाध्यक्ष, महावीर माली को सह-कोषाध्यक्ष, प्रेमस्वरूप शर्मा को सचिव तथा आशाराम वैष्णव को सह-सचिव चुना गया। वहीं रामजस सोमानी, विजय कुमार पाराशर एवं गणेश सोनी को विधिक सलाहकार की जिम्मेदारी सौंपी गई।



नवनियुक्त पदाधिकारियों ने आश्रम परिसर में निर्माणाधीन संत निवास का कार्य भामाशाहों के सहयोग से शीघ्र पूर्ण कराने तथा संस्था का विधिवत पंजीयन कराने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक में मौजूद सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी का स्वागत करते हुए आश्रम के विकास कार्यों में पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

# गुरु पूर्णिमा पर गायत्री शक्तिपीठ में हवन, संस्कारों के साथ दिया गुरुदेव का संदेश

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए गुरु दीक्षा, पुंसवन एवं विद्यारंभ संस्कार

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।

शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर काछोला स्थित गायत्री शक्तिपीठ में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। पं. मोहनलाल शर्मा के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ-हवन संपन्न हुआ।

इस अवसर पर गुरु दीक्षा संस्कार, पुंसवन संस्कार एवं विद्यारंभ संस्कार भी विधि-विधान से कराए गए। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को पूज्य गुरुदेव का प्रेरणादायी संदेश सुनाया गया तथा भारतीय संस्कृति, संस्कार और आध्यात्मिक जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में संदीप सोनी, माया देवी बसेर, अनीता सोनी, डॉ. कैलाश चंद्र वैष्णव, रामप्रसाद गटियाणी, दुर्गालाल दाखेड़ा, मनमोहन पोरवाल, नवल दाखेड़ा, दिनेश योगी, चांदमल टेलर, गुरुप्रसाद मालू, लादूलाल सोनी, महावीर माली, संतोष पोरवाल, रेणु दाखेड़ा, मंजू मालू, चंदा दाखेड़ा, सावित्री देवी सोनी, धन्ना देवी योगी, प्रेम देवी दाखेड़ा, गोपाल योगी, दीक्षा सोनी, प्रीति टेलर, राधेश्याम वैष्णव,



ओमप्रकाश दाखेड़ा, कौशल्या देवी मालू, नंदकंवर मालू सहित गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# 'धापू जीजा' के निधन से शोक, विद्यार्थियों ने पुष्प अर्पित कर दी अंतिम विदाई

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, थलखुर्द में करीब 20 वर्षों तक पोषाहार कर्मी के रूप में सेवाएं देने वाली धापू कंवर राजपूत के निधन से विद्यालय परिवार और ग्रामीणों में शोक की लहर छा गई। धापू कंवर बच्चों के लिए केवल पोषाहार कर्मी नहीं, बल्कि मां समान स्नेह रखने वाली 'धापू जीजा' के रूप में जानी जाती थीं।

उनकी अंतिम यात्रा के दौरान



विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं ग्रामीण सड़क किनारे खड़े होकर नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे। बच्चों ने हाथ जोड़कर और पुष्प अर्पित कर अपनी प्रिय धापू जीजा को श्रद्धांजलि दी।

विद्यालय परिवार ने कहा कि धापू कंवर ने दो दशकों तक हजारों बच्चों की निस्वार्थ भाव से सेवा की। उनका स्नेह, समर्पण और ममतामयी व्यवहार हमेशा सभी की स्मृतियों में जीवित रहेगा।

# गुरु पूर्णिमा पर छोबावड़ी मठ में उमड़ी श्रद्धा, भक्ति भाव से मनाया महोत्सव

## भजन संध्या, हवन और महाप्रसादी के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्री छोबावड़ी सगस जी रत्नेश्वर महादेव मठ, रेलवे स्टेशन के पास, हमीरगढ़-चित्तौड़ रोड स्थित परिसर में बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा विभिन्न धार्मिक आयोजनों में सहभागिता की।

श्री महंत साध्वी देवगिरी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव के प्रथम दिवस मंगलवार रात्रि को भव्य भजन संध्या आयोजित हुई, जिसमें भजन गायकों ने गुरु महिमा और भक्ति रस से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। दूसरे दिन प्रातःकाल हवन, गुरुचरण पूजन, समाधि पूजन और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में गुरु भक्ति का उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर श्री महंत साध्वी देवगिरी ने कहा कि गुरु ही जीवन को सही दिशा देने वाले साक्षात् परब्रह्म हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को गुरुजनों के बताए मार्ग पर चलकर जीवन को सार्थक बनाने का संदेश दिया तथा सभी को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं।

# 'गुरु हैं तो हम हैं, गुरु नहीं तो जीवन दिशाहीन' : युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी

## गुरु पूर्णिमा पर शांतिभवन में विशाल धर्मसभा, चातुर्मास में आत्मसाधना का दिया संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनीत चपलोत।** गुरु पूर्णिमा एवं वर्षावास प्रारंभ के अवसर पर शांतिभवन में बुधवार को आयोजित विशाल धर्मसभा में श्रमणसंघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी महाराज ने गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'गुरु हैं तो हम हैं, गुरु नहीं तो जीवन दिशाहीन हो जाता है।' उन्होंने कहा कि गुरु का सम्मान केवल वंदन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनके ज्ञान, संस्कार और संकेतों को जीवन में उतारना ही सच्ची गुरु सेवा है।

युवाचार्यश्री ने कहा कि गुरु पूर्णिमा शिष्य के अंतर्मन में गुरु के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और समर्पण का भाव जागृत करने का पर्व है। गुरु केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा दिखाने वाले पथप्रदर्शक होते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु का सान्निध्य सदैव नहीं मिलता, इसलिए उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति वास्तविक श्रद्धांजलि है।

उन्होंने चातुर्मास को आत्मसाधना, संयम और आत्मचिंतन का श्रेष्ठ अवसर बताते हुए श्रद्धालुओं से तप, स्वाध्याय, संयम और सत्संग को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन चार महीनों में लिया गया एक छोटा-सा सत्संकल्प भी जीवन की दिशा बदल सकता है।

सभा के प्रारंभ में साध्वी चिंतनश्री ने गुरु महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गुरु के बिना जीवन अधूरा है और गुरु ही अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश प्रदान करते हैं।




शांतिभवन आनंद अनुभूति चातुर्मास के मंत्री नवरतनमल भलावत ने बताया कि धर्मसभा में सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं ने युवाचार्यश्री के सान्निध्य में दो एवं तीन उपवास सहित विभिन्न तप के प्रत्याख्यान ग्रहण किए। कार्यक्रम में यशोदिप्ती मधुकंवरजी, उपप्रवर्तिनी दिव्य ज्योतिजी, महासती सुचेताजी, साध्वी प्रियू दर्शनाजी सहित साधु-साध्वीवृंद का सान्निध्य रहा।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शहर के विभिन्न श्रीसंघों सहित देश के अनेक राज्यों से आए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी महाराज से मंगलपाठ एवं आशीर्वाद प्राप्त किया।

# 'गुरु की कृपा बिना गोविंद की प्राप्ति संभव नहीं' : आचार्य रामदयालजी महाराज

## देश-विदेश से पहुंचे हजारों श्रद्धालु, महाआरती, गुरु पूजन और सत्संग में लिया भाग





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को माणिक्यनगर रामद्वारा धाम में आयोजित कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर जगद्गुरु आचार्य स्वामी रामदयालजी महाराज के दर्शन, वंदन और गुरु पूजन के लिए देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान स्वामी रामचरणजी महाराज की महाआरती, गुरु पूजन, भजन-कीर्तन और सत्संग का आयोजन हुआ।

विशेष सत्संग में आचार्य रामदयालजी महाराज ने कहा कि 'गुरु की कृपा ही गोविंद की कृपा है। गुरु के बिना ईश्वर की प्राप्ति और पहचान संभव नहीं है।' उन्होंने कहा कि गुरु ही जीवन को सही दिशा देते हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही आत्मकल्याण संभव है। उन्होंने सभी राष्ट्रवासियों के सुख, शांति और विश्व कल्याण की कामना भी की।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के संत मनोरथरामजी आलोट ने प्रवचन दिए, जबकि संत प्रीतमरामजी, संत रामजसजी एवं भाई मनन ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं। श्रद्धालुओं ने भी भजन एवं भावांजलि के माध्यम से गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

महाआरती के बाद आचार्यश्री के सान्निध्य में गुरु पूजन हुआ, जिसमें विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान रामद्वारा धाम को आकर्षक रूप से सजाया गया था।

आचार्य रामदयालजी महाराज ने बताया कि 2 अगस्त को रामद्वारा धाम में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

# गुरु पूर्णिमा पर विद्यार्थियों ने जताया सम्मान, गुरुजनों का किया अभिनंदन

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।

**सांवर वैष्णव।** कस्बा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को गुरु पूर्णिमा श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने गुरुजनों को तिलक लगाकर, कलेवा बांधकर, दुपट्टा ओढ़ाकर तथा चरण स्पर्श कर गुरु पूजन किया।



इस अवसर पर डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाकर सही दिशा दिखाते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत, ईमानदारी और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि विद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन करना ही गुरुजनों के लिए सबसे बड़ी गुरु दक्षिणा है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने विद्यालय परिवार, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय को आदर्श बनाने का संकल्प दोहराया।


# गुरु पूर्णिमा पर अमर ज्ञान निरंजनी आश्रम में उमड़ी आस्था, श्रद्धालुओं ने किया गुरु पूजन

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कस्बा स्थित श्री अमर ज्ञान निरंजनी आश्रम एवं श्री संकट मोचन आदर्श गौशाला में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने महामंडलेश्वर स्वामी श्री जगदीश पुरी जी महाराज का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आश्रम परिसर दिनभर गुरु भक्ति, भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजनों से गुंजायमान रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आचार्य विग्रह पूजन से हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर गुरु पूजन किया और परिवार की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।

अपने प्रवचन में महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश पुरी जी महाराज ने कहा कि गुरु ही जीवन से अज्ञान का अंधकार दूर कर ज्ञान और संस्कार का प्रकाश फैलाते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में भी जीवन मूल्यों और सही मार्गदर्शन के लिए गुरु का स्थान सर्वोपरि है। गुरु के बताए सत्य, सेवा, सदाचार और परोपकार के मार्ग पर चलना ही सच्ची गुरु भक्ति है।







कार्यक्रम में ब्रह्मचारी हंस चैतन्य महाराज ने भी गुरु महिमा पर विचार व्यक्त किए, जबकि ब्रह्मचारी नारायण चैतन्य एवं महेंद्र चैतन्य ने भक्ति भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर आश्रम की विशिष्ट सेवाओं से जुड़े कई ट्रस्टियों एवं समाजसेवियों का सम्मान किया गया। वहीं जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश पुरी जी महाराज का सम्मान किया।

महोत्सव के समापन पर आयोजित महाप्रसादी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में आश्रम ट्रस्टियों सहित क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

# अभिभाषक परिषद के अधिवक्ताओ द्वारा पौधरोपण कर मनाई गुरु पूर्णिमा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



**मानव तिवाड़ी ।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अभिभाषक परिषद द्वारा सिविल न्यायालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर परिषद के सदस्यों ने फलदार, फूलदार एवं औषधीय पौधे लगाकर उनके संरक्षण एवं नियमित देखरेख का संकल्प लिया गया ।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ताओं ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल गुरुजनों के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व ही नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन का भी अवसर है। पौधरोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं भावी पीढ़ियों के लिए हरित वातावरण उपलब्ध कराने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर निर्मल कुमार जोशी, ब्रह्म प्रकाश तिवाड़ी, गोपाल प्रजापति, अनिल कुमार धाकड़, प्रदीप कुमार शर्मा, संजय कुमार धाकड़, नरेश सिंह तंवर, सुनील स्वर्णकार, गौरव शर्मा, मनीष धाकड़, हितेश धाभाई, शिवलाल धाकड़ तथा न्यायालय स्टाफ से अनवर हुसैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत विद्यालय में हुआ सघन पौधरोपण

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।



राजस्थान सरकार के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत क्षेत्र के लटाला स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में सघन पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा।

विद्यालय परिसर में कचनार, गुलमोहर, शीशम, जामुन, आंवला, अशोक एवं आम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण करते हुए उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया।

संस्था प्रधान राजमल रेगर ने विद्यार्थियों को यूथ एंड ईको क्लब के महत्व की जानकारी देते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने विद्यालय में पृथ्वी, जल, वायु, आकाश और अग्नि नाम से पांच सदनों का गठन कर प्रत्येक सदन को पौधों की देखरेख और सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी।

वृक्षारोपण प्रभारी विमलेश कुमार वैष्णव ने बताया कि पौधरोपण के लिए गड्ढों की तैयारी पहले ही कर ली गई थी। हाल ही में हुई अच्छी बारिश के कारण अनुकूल वातावरण मिलने से सघन पौधरोपण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# गुरु पूर्णिमा पर संतों का सम्मान, महंत रामप्रकाश दास का किया अभिनंदन

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।

**जसवंत पारीक**



गुरु पूर्णिमा पर्व बुधवार को कस्बे में श्रद्धा एवं पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने संतों का आशीर्वाद प्राप्त कर गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया। वहीं भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन के निर्देशानुसार रघुनाथद्वारा मंदिर में महंत श्री रामप्रकाश दास महाराज का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष विशाल गुरुजी के नेतृत्व में महंत श्री रामप्रकाश दास महाराज का शाल, उपराणा एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने महंत का आशीर्वाद प्राप्त कर गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पूर्व उपप्रधान बृजराजकृष्ण उपाध्याय, चांदमल डाड, प्रियदर्शी पारीक, विकास पाराशर, हितेंद्र राजोरा, रामकुमार जाट सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने गुरु पूर्णिमा पर प्राचार्य सुषमा बिश्नोई को किया सम्मानित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।





सेठ मुरलीधर मानसिंहका कन्या विद्यालय की प्राचार्य सुषमा बिश्नोई को छात्राओं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राजस्थान माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा चयनित किए जाने के बाद बुधवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सम्मानित किया गया। भरतपुर जिले के खेजड़ी गुर्जर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सुषमा बिश्नोई को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में शिक्षा मंत्री, अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजेश यादव तथा माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट सहित शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।